## उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र,

## राजकीय महाविद्यालय संजौली

# साहित्य परिषद्

(सृजन, रचनात्मकता कला चिंतन और अभिव्यक्ति का मंच)

## सत्र :- 2020 -21

# भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता

**भाषण स्पर्धा में कनिष्क गोयल रही प्रथम**

**शिमला।** पीजी कॉलेज संजौली की लिटरेरी सोसायटी शिमला ने राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसमें कनिष्ठ वर्ग में पहला स्थान कॉन्वेंट ऑफ जीसस एंड मैरी चैल्सी स्कूल शिमला की छात्रा कनिष्क गोयल ने प्राप्त किया है। दूसरा स्थान डीएवी कुमारसैन की छात्रा हर्षिता वर्मा ने प्राप्त किया है और तीसरा स्थान डीएवी कुमारसैन शिमला के छात्र रियान वर्मा ने हासिल किया है। डीएवी कुमारसैन की काव्यांश वर्मा को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। वरिष्ठ वर्ग में जीएसएसएस सरोल चंबा की अवंतिका ठाकुर प्रथम, जीएसएसएस संधु ठियोग की साक्षी कश्यप ने दूसरा और डीएवी न्यू शिमला के छात्र चिन्मय वर्मा ने तीसरा स्थान पाया। एसवीएम बड़ागांव शिमला के छात्र योनीत वर्मा और राज पब्लिक स्कूल कन्ना शिमला की छात्रा दीक्षिता वर्मा को सबसे कम उम्र की प्रतिभागी के रूप में सम्मानित किया जाएगा। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. हरीश ठाकुर ने बताया कि आयोजन में डॉ. एसएन स्नेही ने सहयोग किया। ब्यूरो

महाविद्यालय संजौली की साहित्य परिषद् व लिटरेचर सोसायटी शिमला ने राज्य स्तरीय भाषा व

चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जिसमें प्रदेश भर से प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह प्रतियोगिता कनिष्ठ व वरिष्ठ दो आयु वर्ग के बच्चों के लिए आयोजित कि गई ।

# चित्रकला में पीयूष राजटा ने पाया पहला स्थान

**शिमला।** सेंटर ऑफ एक्सीलेंस गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज संजौली के छात्र संगठन लिटरेचर सोसायटी ने शिमला लिटरेरी सोसायटी के सहयोग से पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें विकास रॉय और राम ने निर्णायक की भूमिका अदा की। वरिष्ठ वर्ग में लालपानी शिमला के पीयूष राजटा प्रथम, झगरियानी हमीरपुर के सागर ने दूसरा स्थान पाया, कॉन्वेंट ऑफ जीसस एंड मैरी स्कूल की ऐला शर्मा और चंबा की अंकिता तृतीय स्थान पर रहीं। डीएवी कोटखाई की आहना को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। कनिष्ठ वर्ग में कान्वेंट ऑफ जीसस एंड मैरी स्कूल शिमला की कनिष्ठा प्रथम, ऐके एम पब्लिक स्कूल ददाहू सिरमौर की आयुशी ठाकुर द्वितीय और डीएवी कुमारसैन शिमला की हर्षिता वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। डीएवी कुमारसैन के रियान वर्मा को सांत्वना पुरस्कार मिला। शिमला लिटरेरी सोसायटी के अध्यक्ष हरीश ठाकुर, डॉ. एसएन स्नेही, स्वयंसेवक हर्ष ठाकुर, अवंतिका पामटा और सर्वजीत कौर ने आयोजन में सहयोग किया। ब्यूरो

जिसमें भाषण प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में कनिष्ठ गोयल ने प्रथम स्थान, रियान वर्मा ने द्वितीय स्थान व काव्याशं वर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया। वरिष्ठ वर्ग में अवितकां ने प्रथम साक्षी ने द्वितीय व चिन्मय वर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

चित्रकला प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में पियूष राजटा ने प्रथम स्थान,सागर ने द्वितीय स्थान व ऐला शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया व कनिष्ठ वर्ग में कनिष्ठ गोयल ने प्रथम,आयुषी ने द्वितीय व हर्षिता वर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# युवा साहित्य संवाद एवम् काव्य पाठ

## दिनांक – 28 मार्च 2021

हिमाचल कला एवम् संस्कृति विभाग द्वारा युवा

साहित्य संवाद एवम् काव्यपाठ का आयोजन 28

मार्च को रोऊटी टाऊन शिमला में किया गया। जिसमें साहित्य परिषद् संजौली के छात्र हर्ष, मृणाल व मनोज ने साहित्य संवाद में और राहुल, आंचल, नीतीश, प्रियंका, जैनब साक्षी ने काव्य पाठ में भाग लिया।